आमजन हेतु सरल रुप में जैवविविधता सम्बन्धी लोकोपयोगी जानकारी

(जैव विविधता अधिनियम ,नियमावली, मार्गदर्शिका एवं अधिनियम सम्बन्धी सरकारी आदेशों आदि के जन उपयोगी मुख्य अंशों का संकलन)

झारखण्ड जैवविविधता पर्षद्

(वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार)

प्राक्कथन

भारत सरकार द्वारा जैवविविधता के संरक्षण, इसके सतत उपयोग, और जैवसंसाधनों के पारंपरिक ज्ञान के उपयोग से उत्पन्न होने वाले फायदों को, समुदायों के बीच समुचित और न्यायसंगत हिस्सेदारी बांटने आदि के उदेश्यों की प्राप्ति हेतु, जैवविविधता अधिनियम, 2002 (वर्ष 2003 का संख्या 18) 5 फरवरी, 2003 को अधिसूचित किया गया है। इन उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण की स्थापना वर्ष 2003 में की गयी। झारखंड सरकार द्वारा भी उक्त उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु झारखण्ड जैवविविधता पर्षद एवं झारखण्ड जैवकीय विविधता नियमावली, 2007 अधिनियमित की गयी है।

जैवविविधता प्राकृतिक संसाधन हैं जिनसे हमारे जीवन की सम्पूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। जैवविविधता, जिसे जीवन की विविधता भी कहा जाता है, यह आसान शब्दों में पौधों, जीव जन्तुओं में पाई जाने वाली अलग-अलग प्रकार की विशेषताएं है। जैवविविधता पृथ्वी पर सभी जीवित चीजों से मिलजुल कर बनी है। यह सभी तरह के जीवनों को समाहित करती है जिसे अरबों वर्षों के पीढ़ी दर पीढ़ी परिवर्तन एवं विकास ने वर्तमान स्वरुप दिया है। इसमें अन्यंत सूक्ष्म बैक्टीरिया से लेकर सबसे बड़े पौधों और जानवरों और यहाँ तक कि मनुष्य की प्रजातियाँ भी शामिल है।

झारखण्ड की अर्थव्यवस्था, अपने प्राकृतिक जीवन की विविधतापूर्ण संसाधनों यथा वानिकी, कृषि, जल, भूमि, फल-फूल, पौधों, जन्तुवों, समुदायों इत्यादि से निकटता से जुड़ी हुई है। इन प्राकृतिक क्षेत्रों पर मानव द्वारा किये जा रहे परिवर्तनों यथा निर्माण, खनन, आदि कार्यों के प्रतिकूल प्रभाव जैवविविधता पर नकारात्मक परिणाम पैदा कर गरीबों और हाशिए के लोगों के आजीविका विकल्पों के लिए खतरा उत्पन्न करते हैं। जैवविविधता के संरक्षण के बिना अर्थव्यवस्था के संतुलन को बनाए रखना संभव नही है।

जैवविविधता के दस्तावेजीकरण एवं इसके संरक्षण, संवर्धन के प्रयोजन के लिए प्रत्येक स्थानीय निकाय को अपने अधिकार क्षेत्र में जैवविविधता प्रबंधन समिति (BMC) का गठन करना है। झारखण्ड जैवविविधता पर्षद स्थानीय लोगो की सक्रिय भागीदारी और क्षमता निर्माण हेतु प्रयासरत है और इस संरक्षण और जागरूकता अभियान की दिशा में सरल भाषा में जैवविविधता सम्बंधी अधिनियम, नियम, विनियम तथा अन्य संबंधित जानकारियों को जैवविविधता समितियों एवं जन समुदायों के लिए रोचक रूप से लोकोपयोगी पुस्तक के रूप में तैयार किया गया है। आशा है कि प्रस्तुत पुस्तक मार्गनिर्देशिका संकलन जैवविविधता प्रबंधन समितियों और जन समुदायों को संबंधित अधिनियम, नियम और सरकारी आदेशों की मुख्य जानकारी तथा जैवविविधता के दस्तावेजीकरण में सहायक होगी।

Disclaimer-जैवविविधता अधिनियम, निमय एवं मार्गदर्शिका के जनोपयोगी मुख्य अंशों को आमजनों के समझ हेतु सरल रूप में इस पुस्तिका का प्रकाशन किया जा रहा है। किसी भी प्रकार के वाद-विवाद की स्थिति में सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम, नियम एवं मार्गदर्शिका ही मान्य होगा।

विषयवस्तु तालिका

भाग	मुख्य विषयवस्तु	अध्याय		पृष्ठ संख्या
1.	जैवविविधता संबंधी नियम, अधिनियम, विनियम- लोकोपयोगी अंश	एक	**संसद द्वारा पारित जैवविविधता अधिनियम,** 2002 (Biological Diversity Act, 2002- 2003 का अधिनियम संख्यांक 18, 5 फरवरी, 2003) के **जैवविविधता प्रबंधन समितियों (BMC) सम्बन्धी मुख्य अंश**	2-10
		दो	झारखंड जैविकीय विविधता नियमावली, 2007 BMC सम्बन्धी मुख्य अंश	11-16
		तीन	भारत सरकार का जैविक परिसंपति पूँजी के फायदाध्लाभ की हिस्सेदारी सम्बन्धी विनियम, 2014 BMC सम्बन्धी मुख्य अंश	17-22
2	जन जैव-विविधता पंजी कार्य प्रणाली	चार	**जन जैवविविधता पंजीः एक परिचय**	24-26
		पॉच	स्थानीय सामान्य विवरणी एवं प्रपत्र	27-29
		छः	**स्थानीय जैवविविधता के दस्तावेजीकरण हेतु प्रपत्र**	30-44
			i. स्थानीय कृषि जैवविविधता	
			ii. स्थानीय घरेलु पौधों की (औषधीय, सजावट, फलदार, काष्ठीय आदि) जैवविविधता	
			iii. स्थानीय विभिन्न प्रकार की जैवविविधता	
			iv. स्थानीय शहरी वनस्पति व जीव-जंतु जैवविविधता	
			v. स्थानीय सामाजिक-आर्थिक वर्णन	
			vi. स्थानीय जन जैवविविधता पंजी प्रमाण पत्र	
3	महत्वपूर्ण प्रजातियाँ	सात	राष्ट्रीय पादप अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो द्वारा झारखण्ड से एकत्रित एवं संरक्षित वनस्पतीय प्रजातियाँ	45-53
4	महत्वपूर्ण सरकारी आदेशों का संकलन	आठ	पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सभी राज्य सरकारों को पंचायती राज संस्थानों द्वारा जैवविविधता प्रबंधन समिति के गठन एवं विभिन्न विभागों द्वारा इन समितियों को सभी तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने सम्बंधित दिशा निर्देश	54-55
		नौ	वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखण्ड सरकार द्वारा सभी उपायुक्तों को जैवविविधता प्रबन्धन समितियों को स्थानीय कार्यालय एवं बैठक हेतु पंचायत भवनों को उपलब्ध कराने सम्बंधित आदेश	56
		दस	वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखण्ड सरकार - वन प्रमंडल पदाधिकारी को नाभिक पदाधिकारी नियुक्ति सम्बन्धी अधिसूचना	57-58
		ग्यारह	वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखण्ड सरकार द्वारा वनपालो को जैवविविधता प्रबंधन समितियों के खाता संचालन हेतु संयुक्त हस्ताक्षरी संबंधी अधिसूचना	59-60

भाग–1

जैवविविधता संबंधी नियम, अधिनियम, विनियम–लोकोपयोगी अंश

रजिस्ट्री सं० डी० एल०–33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 68] नई दिल्ली, सोमवार, जनवरी 12, 2009/पौष 22, 1930
No. 68] NEW DELHI, MONDAY, JANUARY 12, 2009/PAUSA 22, 1930

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 7 जनवरी, 2009

का.आ. 120(अ).—जैव-विविधता अधिनियम, 2002 (2003 का 18) की धारा 61 के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार एतद्द्वारा दिनांक 17 नवम्बर, 2008 की अधिसूचना संख्या का.आ. 2708 (अ) में आगे निम्नलिखित संशोधन करती है, नामतः :—

उपर्युक्त अधिसूचना में :—

तालिका में क्रम सं. 3, क्रम सं. 4 और उनके कॉलम सं. 2 और 3 में की गई अनुरूपी-प्रविष्टियों के बाद निम्नलिखित को अन्तः स्थापित किया जाएगा, नामतः :—

क्रम सं.	जैव विविधता अधिनियम, 2002 की धारा 61 (क) के अंतर्गत शिकायत दर्ज करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी	अधिकार क्षेत्र
(1)	(2)	(3)
4.	वन अधिकारी जो रेंज ऑफिसर के रैंक से कम न हों	उनके अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में

[फा. सं. 28-14/2008-सीएस-III (एन बी ए)]

ए. के गोयल, संयुक्त सचिव

टिप्पणी : मूल अधिसूचना दिनांक 17 नवम्बर, 2008 की अधिसूचना सं. का.आ. 2708(अ) के तहत भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित की गई थी ।

MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS

NOTIFICATION

New Delhi, the 7th January, 2009

S.O. 120(E).—In exercise of the powers conferred by clause (a) of Section 61 of the Biological Diversity Act, 2002 (18 of 2003), the Central Government hereby make the following further amendments in the Notification No.S.O. 2708 (E), dated 17th November, 2008 namely :—

In the said Notification :—

In the TABLE, after Sl.No. 3, Sl.No. 4 and the corresponding entries in column No. 2 & 3 thereof, shall be inserted, namely :—

Sl.No.	Officer authorised to file complaints under Section 61 (a) of the Biological Diversity Act, 2002	Area of jurisdiction
(1)	(2)	(3)
4.	Forest Officers not below the rank of Range Officers	In their respective jurisdictions

[F. No. 28-14/2008-CS-III (NBA)]

A. K. GOYAL, Jt. Secy.

Note : The Principal Notification was published in the Gazette of India, Extraordinary *vide* Notification No. S.O. 2708 (E), dated 17th November, 2008.

155 GI/2009

Printed by the Manager, Govt. of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054

अध्याय – एक

संसद द्वारा पारित जैवविविधता अधिनियम, 2002 (Biological Diversity Act 2002-2003 का अधिनियम संख्यांक 18, 5 फरवरी, 2003) के जैवविविधता प्रबंधन समितियों (BMC) सम्बन्धी मुख्य अंश

(जैवविविधता के संरक्षण, इसके सतत उपयोग और जैव संसाधनों, पारंपरिक ज्ञान के उपयोग से अद्भुत फायदों को समुदायों के बीच समुचित और न्यायसंगत हिस्सेदारी और सम्बन्धित विषयों का उपबन्ध करने के लिए अधिनियम)

1. जैवविविधता क्या है?:

''जैवविविधता'' जीवन और विविधता के संयोग से निर्मित शब्द है जो आम तौर पर पृथ्वी पर मौजूद जीवन की विविधता और परिवर्तनशीलता को संदर्भित करता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP), के अनुसार जैवविविधता (Biodiversity) विशिष्टतया आनुवांशिक, प्रजाति, तथा पारिस्थितिकि तंत्र के विविधता का स्तर मापता है। जैवविविधता किसी जैविक तंत्र के स्वास्थ्य का द्योतक है। पृथ्वी पर जीवन आज लाखों विशिष्ट जैविक प्रजातियों के रूप में उपस्थित है।

जैवविविधता का महत्व पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने के लिए **इसका रखरखाव करना बहुत महत्वपूर्ण** है। जानवरों, पौधों और सूक्ष्मजीवों की एक विस्तृत श्रृंखला के बिना हम स्वस्थ पारिस्थितिकी प्रणालियों की आशा भी नहीं कर सकते हैं। ये सभी पारिस्थितिकी तंत्र में अहम भूमिका निभाते हैं।

''जैवविविधता एक प्राकृतिक संसाधन है जिससे हमारे जीवन की सम्पूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। ''जैवविविधता जिसे जैविक विविधता भी कहा जाता है यह आसान शब्दों में पौधों, जीव जंतुओं में पाई जाने वाली अलग-अलग प्रकार की विशेषताएं है। जैवविविधता हमारे ग्रह पर सभी जीवित चीजों से बनी है। यह सभी तरह के जीवन को समाहित करती है जिसे अरबों सालों के विकास ने आकार दिया है। इसमें सबसे छोटे बैक्टीरिया से लेकर सबसे बड़े पौधों और जानवरों तक, यहां तक कि हमारी अपनी प्रजातियाँ भी शामिल हैं।

2. मनुष्यों के लिए जैवविविधता का महत्व:

ऐसी बहुत सी चीजें हैं जिसके लिए हम जैवविविधता पर निर्भर करते हैं और हमारे लिए इसे संरक्षित करना महत्वपूर्ण है। उदाहरण के लिए कृषि को ही ले लीजिए, यह जैवविविधता पर अविश्वसनीय रूप से निर्भर है। जैवविविधता मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करती हैं, तथा कीटों द्वारा ही कई फल, नट और सब्जियां परागित होते हैं।

दुनिया के एक तिहाई फसल उत्पादन में परागणकर्ता (पोलिनेटर), जैसे पक्षी, मधुमक्खी और अन्य, कीड़े अहम भूमिका निभाते हैं। सूक्ष्म जीव (यथा केंचुआ) मृदा में पोषक तत्वों को मुक्त करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। महासागरों में, मछली और समुद्री जीवन के अन्य रूप लगभग एक अरब लोगों के लिए प्रोटीन का मुख्य स्रोत प्रदान करते हैं।

3. जैवविविधता के प्रकार:

जैवविविधता आमतौर पर एक भौगोलिक क्षेत्र विशेष में, प्रजातियों की समृद्धि (Species Richness) या प्रजातियों की समता (Species Evenness) के रूप में वर्णित की जाती है। जैवविविधता के लाभ कृषि, विज्ञान और चिकित्सा, औद्योगिक सामग्री, पारिस्थितिक सेवाओं, सांस्कृतिक सौंदर्य और बौद्धिक पारम्परिक ज्ञान के क्षेत्रों में विशेष रूप से उल्लेखित है।

जैवविविधता को मुख्यत: निम्न तीन प्रकारों में विभक्त किया जा सकता है:

1) आनुवंशिक विविधता: यह गुणसूत्रों पर आधारित है जो जीवों के आनुवंशिक संरचना के बीच भिन्नता को दिखाता है। किसी विशेष प्रजाति के जीव अपने आनुवंशिक संरचना में एक दूसरे से अलग होते है। यही वजह है कि हर जीव एक-दूसरे से अलग दिखता है। इसी तरह, चावल, गेहूं, मक्का, जौ, आदि की एक ही प्रजाति में अलग-अलग किस्में होती हैं।

2) प्रजातीय विविधता: यह एक विशेष क्षेत्र में पाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की प्रजातियों में विविधता को दिखाता है। इसमें पौधों से लेकर विभिन्न सूक्ष्मजीव जैसे बैक्टीरिया आदि की सभी प्रजातियां शामिल हैं।

3) पारिस्थितिक विविधता: किसी खास पारिस्थितिकी तंत्र में पाई जाने वाली विविधता को पारिस्थितिक विविधता कहते हैं। जीवित से लेकर जो जीवित नहीं है यह उनका एक संग्रह है।

4. भारत देश और झारखण्ड की जैवविविधता:

हमारा देश भारत जैवविविधता और उससे सम्बन्धित पारम्परिक और समसामयिक ज्ञान पद्धति में समृद्ध है: और भारत 5 जून, 1992 को ब्राजील देश के रियो डी जेनेरो शहर में संयुक्त राष्ट्र सम्मलेन में हुई जैवविविधता से सम्बन्धित संधि पर विश्वभर के कई राष्ट्राध्यक्षों द्वारा किए गए हस्ताक्षर कर्ताओं में एक अर्थात इसको स्वीकार करने वालों में एक है। सम्मलेन 29 दिसम्बर, 1993 को लागू हुआ। सम्मलेन में सभी देशों ने के अपने-2 जैव-संसाधनों पर पूर्ण (सम्प्रभुता) अधिकारों को माना गया (अभिपुष्टि की गई) है। सम्मलेन का मुख्य उद्देश्य जैवविविधता का संरक्षण, इसके तत्वों (अवयवों) का सतत उपयोग और इन आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण, सतत उपयोग से निकलने वाले (अद्भुत) फायदों में सम्बंधित समुदायों को उचित और न्यायसंगत (Equitable) हिस्सेदारी का वितरण है और फायदे में न्यायसंगत हिस्सों का वितरण इत्यादि उक्त संधियों को प्रभावी करने के लिए भी उपबन्ध करना आवश्यक समझा गया है।

झारखण्ड जैवविविधता बहुल राज्य है जहाँ स्थानीय समुदायों में पशु, पक्षी, वनस्पति एवं अन्य जीवों की अनेक प्रजातियाँ से चिरंतर काल से संतुलन बनाने की परंपरा रही है। इन जीव जंतुओं एवं वनस्पतियों के परंपरागत उपयोगों को हम अपने पूर्वजों से देख कर या सुनकर सीखते आ रहे हैं जिसे पारंपरिक ज्ञान कहते हैं। प्रत्येक क्षेत्र में विकसित जैवविविधता एवं उनसे जुड़े पारंपरिक ज्ञान के पंजीकरण या अभिलेखन की प्रक्रिया को जैवविविधता पंजीकरण एवं इस प्रकार तैयार किए गए दस्तावेजों को जैवविविधता पंजी कहते हैं। इसकी उपयोगिता यह है कि स्थानीय निकाय और समुदाय अपनी स्थानीय जैवविविधताओं के अनाधिकृत उपयोग व अत्यधिक दोहन की रोकथाम कर जैवविविधता का संरक्षण, इसके तत्वों (अवयवों) का सतत उपयोग और इन आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण करते हुए इनके

सतत उपयोग से निकलने वाले (अद्भुत) फायदों में अपने सम्बंधित समुदाय के लोगों के बीच उचित और न्यायसंगत (Equitable) हिस्सेदारी का लाभ प्राप्त कर सकें।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधीन भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण (बीएसआई) और भारतीय प्राणि सर्वेक्षण (जेडएसआई) देश की संकटापन्न और लुप्तप्राय प्रजातियों सहित वनस्पति-जातीय और प्राणि-जातीय प्रजातियों का सर्वेक्षण करते हैं। बीएसआई के पास उपलब्ध आंकडों के अनुसार देश में दर्ज किए गए संवहनी पादपों (वेस्कुलर प्लांट्स) (एंजियोस्पर्मस, जिमनोस्पर्मस, पेटरिडोफाइट्स) की प्रजातियों में से 1236 प्रजातियां, विभिन्न संकटापन्न श्रेणियों जैसे कि अत्यधिक लुप्तप्राय, 19156 लुप्तप्राय, असुरक्षित आदि की हैं। वर्ष 2013 और 2015 के बीच, में लुप्तप्राय पादप प्रजातियों की संख्या में वृद्धि हुई है। देश में उक्त 1236 लुप्तप्राय पादप प्रजातियों के संबंध में नामों और प्रदेशों/क्षेत्रों को भारतीय पादपों की रेड डेटा बुक के चार खण्डों और भारत में संकटापन्न संवहनी पादप प्रजातियों की लाल सूची में पहले से प्रकाशित कर लिया गया है।

बीएसआई ने जैविक विविधता अधिनियम, 2002 की धारा 38 के अंतर्गत 595 पादप प्रजातियों की संकटापन्न पादपों की राज्य-वार सूची, जंगल से उनके एकत्रण को निषिद्ध और विनियमित करने के लिए प्रकाशित की है। झारखण्ड प्रदेश की स्थानिक संकटापन्न पादप प्रजातियों में 64 पादप प्रजातियां शामिल है जो Fabaceae, Poaceae, Ranunculaceae, Apiaceae, Gentianaceae, Zingiberaceae, Rosaceae, Berberidaceae, Verbenaceae, Oleaceae, Orchidaceae, Droseraceae, Celastraceae, Commelinaceae, Salicaceae, Taccaceae and Violaceae से हैं।

जेडएसआई द्वारा कराए गए अध्ययनों से पता चलता है कि कुल 96,891 पशु प्रजातियाँ है जो कि विश्व प्राणि-जात विविधता का 7.31% है। आईयूसीएन आकलन के अनुसार, गत दो वर्षों में भारत में लुप्तप्राय प्रजातियों की संख्या 648 से बढकर 665 हो गई है, जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है।

वर्ष / पशु समूह	स्तनपायी	पक्षी	सरीसृप	उभयचर	मछलियां	घोंघा	अन्य रीढरहित (invertebrate)	'कुल
2013	95	80	52	74	213	6	128	648
2015	98	88	53	75	216	7	128	665

इसी प्रकार झारखण्ड में लुप्तप्राय 36 प्रजातियां, के नाम हैं: Tiger, Ganges river dolphin, Sloth Bear, Asian Elephant, Indian Giant squirrel, Flying squirrel, Mouse Deer, Marsh Harriers, Darter, White necked stork, Fulvous whistling Duck, Ferruginous pochard, Bengal Florican, Greater Adjutant, Lesser Adjutant, Nordmann's Greenshank, Black-bellied Tern, Egyptian Vulture, Red-headed Vulture Himalayan Vulture, White-rumped Vulture, Indian Vulture, Indian Spotted Eagle, Greater Spotted Eagle, Eastern Imperial Eagle, Pallas's Fish Eagle, Green Avadavat, Bristled Grass Warbler, River Lapwing,Lesser adjutant, River Tern, Oriental white ibis, Black bellied tern, Flap Shell turtles, Crat - Russell Viper (**बाघ,** गंगा नदी डॉल्फ़िनि, स्लोथ भालू, एशियाई हाथी, भारतीय विशालकाय गिलहरी, उड़ने वाली गिलहरी, माउस डियर, मार्श हैरियर, डार्टर, सफेद गर्दन वाला सारस, फुल्वस व्हिसलिंग डक, फेरुगिनस पोचार्ड, बंगाल फ्लोरिकन, ग्रेटर एडजुटेंट, लेसर एडजुटेंट, नॉर्डमैन का ग्रीनशंक, ब्लैक-ग्रीनशंक

बेलीड टर्न, मिस्र का गिद्ध, लाल सिर वाला गिद्ध, हिमालयी गिद्ध, सफेद पूंछ वाला गिद्ध, भारतीय गिद्ध, भारतीय चित्तीदार ईगल, ग्रेटर स्पॉटेड ईगल, ईस्टर्न इंपीरियल ईगल, पलास फिश ईगल, ग्रीन अवदावत, ब्रिस्टल ग्रास वार्बलर, रिवर लैपविंग, लेसर एडजुटेंट, रिवर टर्न, ओरिएंटल व्हाइट आइबिस, ब्लैक बेलिड टर्न, फ्लैप शेल कछुए, क्रैट और रसेल वाइपर) हैं।

भारत की समृद्ध जैवविविधता बड़े पैमाने पर मानव निर्मित भू-भाग लैंडस्केप) के परिवर्तनों और संसाधनों के अत्यधिक दोहन के परिणाम स्वरूप प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्रों/निवासों की क्षति के भीषण खतरे का सामना कर रही है।

5. जैवविविधता अधिनियम:

उपरोक्त उद्देश्यों के प्राप्ति की दिशा में भारत की संसद द्वारा भारत गणराज्य के तिरपनवें वर्ष में जैवविविधता अधिनियम, 2002 (Biological Diversity Act, 2002) को निम्नलिखित रूप में अधिनियमित किया गया है:

संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ:

(1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम जैवविविधता अधिनियम, 2002 है।

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण भारत पर है।

(3) यह 5 फरवरी, 2003 तारीख को केन्द्रीय सरकार, राजपत्र में अधिसूचना (2003 का अधिनियम संख्यांक 18) द्वारा प्रवृत्त है।

परिभाषाएँ: इस अधिनियम में, जब तक कि सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो-

क) "फायदे के दावेदार" का अर्थ जैव-संसाधनों, इससे प्राप्त होने वाले सहोत्पादों (by&products) के संरक्षकों, ऐसे जैविक संसाधनों का उपयोग, और इन उपयोग और पारंपरिक नित्य-प्रयोग से जुड़ी नयी पद्धति/खोज और इनके व्यवहार से संबंधित ज्ञान और जानकारी के सृजनकर्ताओं और धारकों से है:

ख) "जैवविविधता" से तात्पर्य है सभी श्रोतों के सप्राण जीवों के बीच विभिन्नता, इनके पारिस्थितिक आवासों जिनके वे भाग हैं, और इसमें प्रजातियों के बीच, या प्रजातियों और पारिस्थितिक प्रणालियों के बीच की विविधता भी सम्मिलित हैं:

ग) "जैव संसाधनों" से तात्पर्य है पौधे, जीव-जन्तु और सूक्ष्म जीव या उनके भाग, उनके आनुवंशिक पदार्थ और प्राप्त होने वाले सहोत्पाद (मूल्य-वर्धित उत्पादों को छोड़कर) का वास्तविक या सम्भावित उपयोग या मूल्य; किन्तु इसके अन्तर्गत मानव आनुवंशिक पदार्थ नहीं है:

घ) "जैव सर्वेक्षण और जैविक उपयोग" से तात्पर्य है किसी प्रयोजनार्थ जैव संसाधनों की प्रजातियों, उप-प्रजातियों, वंशाणु अर्थात आनुवंशिकता की मूल भौतिक इकाई (जीन), तत्वों और **जैविक संसाधन** के अर्क/सत्व का सर्वेक्षण या संग्रहण; तथा इसमें इनका सूचीकरण, वर्णन व गुणात्मक अथवा मात्रात्मक मापन करने के कार्य भी सम्मिलित है:

ङ) "अध्यक्ष" से तात्पर्य है, राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण या राज्य जैवविविधता बोर्ड का अध्यक्ष :

च) **"वाणिज्यिक उपयोग"** से तात्पर्य है **व्यावसायिक उपयोग के लिए जैविक संसाधनों** का अंतिम उपयोग जैसे औषधि, औद्योगिक, खाद्य सुगन्ध, सुवास, प्रसाधन, रंग, सत्व, और जीन के माध्यम से अनुवांशिकी हस्तक्षेप कर फसल और पशुधन में सुधार; किन्तु इसके अन्तर्गत किसी कृषि, बागवानी, कुक्कुट पालन, दुग्ध उद्योग, पशुपालन या मधुमक्खी पालन में उपयोग में आने वाला पारम्परिक प्रजनन या परम्परागत पद्धतियाँ नहीं आती हैं:

छ) **"फायदों में उचित और समतापूर्ण (न्यायसंगत) हिस्सा बँटाना"** से तात्पर्य है धारा 21 के अधीन राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण द्वारा निर्धारित किए गए फायदों में हिस्सा बँटाना:

ज) "स्थानीय निकायों" से तात्पर्य है संविधान के अनुच्छेद 243 ख के खण्ड (1) और अनुच्छेद 243 थ के खण्ड (1) के अनुरूप पंचायतें और नगरपालिकाएँ, **चाहे उनका कोई नाम हो, और पंचायतों या नगरपालिकाओं के अभाव में** संविधान के किसी अन्य उपबन्ध या किसी केन्द्रीय अधिनियम या राज्य अधिनियम के अधीन गठित स्वशासी संस्थाएँ:

झ) "सदस्य" से राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण या राज्य जैवविविधता बोर्ड का सदस्य अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत अध्यक्ष भी है:

ञ) "राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण" से धारा 8 के अधीन स्थापित राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण अभिप्रेत है:

ट) "विहित" से इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है:

ठ) "विनियम" से इस अधिनियम के अधीन बनाए गए विनियम अभिप्रेत है:

ड) "अनुसंधान" से किसी जैव-संसाधन का अध्ययन या क्रमबद्ध अन्वेषण या उसका प्रौद्योगिकीय उपयोजन अभिप्रेत है जो किसी उपयोग के लिए उत्पादों को बनाने या उपान्तरित करने या प्रक्रियाएँ करने के लिए जैव प्रणालियों सप्राण जीवों या उनके अवयवों का उपयोग करता है:

ढ) "राज्य जैवविविधता बोर्ड" से धारा 22 के अधीन स्थापित राज्य जैवविविधता बोर्ड अभिप्रेत है;

ण) "सतत उपयोग" से जैवविविधता के अवयवों का ऐसी रीति में और ऐसी दर से उपयोग अभिप्रेत है जिससे जैवविविधता का दीर्घकालिक नुकसान न होता हो, और जिससे वर्तमान और भावी पीढियों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को पूरा करने की इसकी प्राप्ति की सम्भावना बनी रह सकेय

त) "मूल्यवर्धित उत्पादों" से तात्पर्य है ऐसे उत्पाद जिनमें पौधों और जीवों अर्थात "जैव संसाधनों" के आसानी से न पहचाने जाने योग्य और प्राकृतिक रूप से अविभाज्य अंश या अर्क मिले हो सकते हैं।

6. इस अधिनियम के अनुसार बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के लिए आवेदन राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण के अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति भारत में या भारत के बाहर किसी ऐसे अविष्कार के लिए जो भारत से अभिप्राप्त किसी जैव-संसाधन सम्बन्धी किसी अनुसंधान या जानकारी पर आधारित हो, किसी बौद्धिक सम्पदा अधिकार के लिऐ, चाहे उसका कोई भी नाम हो, आवेदन करने से पूर्व राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण का पूर्व अनुमोदन अभिप्राप्त किए बिना आवेदन नहीं करेगा।

7. कुछेक विशेष प्रयोजनों के लिए जैव-संसाधन को प्राप्त करने के लिए राज्य जैवविविधता बोर्ड को पूर्व इत्तिला : ऐसा कोई भी व्यक्ति जो भारत का नागरिक है या ऐसा निगमित निकाय, संगम या संगठन है जो भारत में रजिस्ट्रीकृत है, राज्य जैवविविधता बोर्ड को पूर्व इत्तिला देने के पश्चात ही वाणिज्यिक उपयोग के लिए कोई जैव संसाधन या वाणिज्यिक उपयोग के लिए जैव सर्वेक्षण और जैव-उपयोग सम्बद्ध प्राप्त करेगा, अन्यथा नही। परन्तु इस धारा के उपबन्ध उस क्षेत्रों के स्थानीय व्यक्ति या समुदायों पर लागू नहीं होंगे जिनके अन्तर्गत जैवविविधता के उगाने वाले और कृषक, और ऐसे वैद्य और हकीम है जो देशी औषधियों का व्यवसाय कर रहे हैं।

8. जैवविविधता प्रबन्ध समितियाँ:

अधिनियम का अध्याय 10, इस अधिनियम का केंद्र बिन्दु है। इसकी धारा **41 में संविधान के अनुच्छेद 243 ख के खण्ड (1)** और **अनुच्छेद 243 थ के खण्ड (1) के अनुरूप प्रत्येक स्थानीय निकाय**, चाहे वह कोई भी नाम से जानी जाती हों (यथा **पंचायतें और नगरपालिकाएँ**, और पंचायतों या नगरपालिकाओं के अभाव में **संविधान के किसी अन्य उपबन्ध या किसी केन्द्रीय अधिनियम या राज्य अधिनियम के अधीन गठित स्वशासी संस्थाएँ)** द्वारा इस अधिनियम की शक्तियों के अंतर्गत जैवविविधता प्रबंधन समिति (Biodiversity Management Committee: BMC) के कार्य निम्न प्रकार हैं।

क) अपने क्षेत्र के भीतर जैवविविधता का संरक्षण, जिसमें इसके प्राकृतिक आवासों की सुरक्षाय;

ख) जैवविविधता के तत्वों का सतत उपयोग और

ग) आनुवंशिक संसाधनों के "वाणिज्यिक उपयोग" तथा **सम्बन्धित ज्ञान और जानकारी के सृजन करने वाले और इसके धारक को अद्भुत फायदों की दावेदारी में उचित और साम्यपूर्ण (उचित एवं न्यायसंगत साझेदारी) हिस्सा बँटाने हेतु गठन करने के प्रावधान हैं।**

9. जैवविविधता प्रबंधन समितियों (BMC) के गठन की भूमिका:

जैवविविधता के विभिन्न पहलुओं को **जैवविविधता प्रबंधन समितियों के माध्यम से** व्यवहारिकता के साथ आत्मसात करने हेतु जैवविविधता अधिनियम 2002 की धारा 41 निम्नवत है:-

धारा 41(1) : प्रत्येक स्थानीय निकाय अपने क्षेत्र के भीतर एक जैवविविधता प्रबंधन समिति का गठन करेगा, जिसका उद्देश्य स्थानीय निकाय क्षेत्र में पाये जाने वाली जैवविविधता का:-

क) संरक्षण;

ख) सतत उपयोग; और

ग) दस्तावेजीकरण को बढावा देना है- जिसमें प**शु एवं पौधों का प्राकृतिक आवासों का संरक्षण, स्थानीय भूमि की नस्लों/प्रजातियों, लोककिस्मों, स्थानीय ऐसे प्रजातियाँ के प्रभेद जो कृषि** में पैदा होती है या उगाई जाती है, पशुओं तथा सूक्ष्म जीवों के घरेलूकृत स्टॉक और प्रजनन संरक्षण, साथ ही साथ उक्त निकाय में अवस्थित पालतू जानवरों और सूक्ष्मजीवों की नस्लों एवं पूर्वजों से चला आ रहा जैविक विविधता से संबंधित पारंपरिक ज्ञान (ऐतिहासिक प्रलेखन) का दस्तावेजीकरण भी किया जाएगा ।



पंचायत

बीएमसी

अर्थात प्रत्येक स्थानीय निकाय का उद्देश्य जैवविविधता के संरक्षण, संवर्धन, जिसके अन्तर्गत इनके प्राकृतिक वास की सुरक्षा/परिरक्षण, सतत उपयोग और प्रलेखीकरण है।

इस उपधारा में प्रयुक्त शब्दों के लिए स्पष्टीकरणः

क) **प्रभेद** (**Cultivar**) का अर्थ है पौधों की ऐसी किस्म जो खेती करने के दौरान पैदा हुई और लगातार इस्तेमाल होती रही या विशेष रूप से खेती के उद्देश्य से ही विकसित की गई थी।

ख) **लोक किस्म** (**Folk Variety**) का अर्थ है पौधों की ऐसी किस्म जिसे किसान या किसानों के समूह के द्वारा अपने अनुभवों पर आधारित प्रयोग द्वारा विकसित किया गया था और किसानों के बीच अनौपचारिक रूप से आदान प्रदान किया गया था ।

ग) **भू-प्रजाति** (**Land Races**) का अर्थ है वह किस्म जो प्राचीन किसानों व उनके उत्तराधिकारियों द्वारा लंबे काल अवधि से एक स्थान विशेष में उगायी जाती रही है।

धारा 41 (2): राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण और राज्य जैवविविधता पर्षद जैवविविधता प्रबंधन समिति के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र के भीतर होने वाले ऐसे संसाधनों से जुड़े जैविक संसाधनों और ज्ञान के उपयोग से संबंधित कोई भी निर्णय लेते समय जैवविविधता प्रबंधन समितियों से परामर्श करेंगे।

धारा 41 (3): जैवविविधता प्रबंधन समितियां अपने क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों से वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए किसी भी जैविक संसाधन तक पहुँच बनाने या प्राप्त करने या एकत्र करने के लिए किसी भी व्यक्ति से संग्रह-शुल्क के रूप में शुल्क लगा सकती हैं। यह स्थानीय जैवविविधता प्रबंधन समितियों की जैवविविधता निधि के निर्माण हेतु महत्वपूर्ण है।

10. जैवविविधता निधि: यह निधि जैवविविधता कानून के अंतर्गत प्रस्तावित कोष है जिसका मूल उद्देश्य जैवविविधता संबंधित पारिस्थिकी तंत्र व स्थानीय समूह का सतत विकास है जिसके लिए राज्य सरकार उचित विनियोग के बाद इस संबंध में कानून द्वारा राज्य विधायिका को **स्थानीय जैवविविधता निधि को** अनुदान या ऋण के रूप में भुगतान कर सकती है, जैसा कि राज्य सरकार इस अधिनियम के उद्देश्य के लिए उपयोग करने के लिए उपयुक्त समझ सकती है।

1) स्थानीय जैवविविधता निधि का गठन: राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित प्रत्येक क्षेत्र में जहां स्थानीय स्वशासन की स्वायत्त संस्था कार्य कर रही हो, **स्थानीय जैवविविधता निधि के नाम से एक निधि का गठन** किया जाएगा। इस निधि में निम्नलिखित मदों से धन जमा किया जाएगा।

i. **धारा 42 के तहत दिया गया कोई अनुदान** और ऋण

ii. राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण द्वारा दिया गया कोई अनुदान या ऋण

iii. **राज्य जैवविविधता पर्षद द्वारा दिया गया कोई अनुदान** या ऋण

iv. **धारा 41 की उप-धारा (3) में निर्दिष्ट शुल्क,** जो राज्य सरकार द्वारा तय अन्य स्रोतों से प्राप्त सभी राशियाँ।

2) स्थानीय जैवविविधता निधि का उपयोजन या उपयोग:

i. **धारा 41** की **उप-धारा (2)** के प्रावधानों के अधीन स्थानीय जैवविविधता निधि का प्रबंधन और संरक्षण और जिन उद्देश्यों के लिए निधि का प्रयोग किया जाएगा, वे राज्य सरकार द्वारा निर्धारित तरीके से होंगे।

ii. इस निधि का उपयोग, संबंधित स्थानीय निकाय के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों में जैव विविधता के संरक्षण और संवर्धन के लिए किया जाएगा।

iii. यदि यह जैवविविधता के संरक्षण के अनुरूप हो, तो इस निधि का उपयोग संबंधित समुदाय को लाभांवित करने के लिए भी किया जा सकता है।

11. जैवविविधता प्रबंधन समिति का वार्षिक रिपोर्ट:

स्थानीय जैवविविधता निधि के संरक्षण की जिम्मेवारी वाला व्यक्ति एक निश्चित प्रारूप में प्रत्येक वित्तीय वर्ष के दौरान निर्धारित समय पर, पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान अपनी गतिविधियों का पूरा

लेखा-जोखा देते हुए अपनी वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेगा और उसकी एक प्रति संबंधित स्थानीय निकाय को प्रस्तुत करेगा।

12. जैवविविधता प्रबंधन समिति के लेखाओं की लेखापरीक्षाः

राज्य के लेखाकार द्वारा केन्द्र के साथ परामर्श के आलोक में स्थानीय जैवविविधता निधि के खातों का रखरखाव और लेखा परीक्षा की जाएगी। स्थानीय जैवविविधता निधि के संरक्षण की जिम्मेवारी वाला व्यक्ति संबंधित स्थानीय निकाय को ऐसी तारीख से पहले लेखा परीक्षा प्रस्तुत करेगा जिससे लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के साथ खातों की लेन देन की जांच की जा सके।

स्थानीय निकाय के क्षेत्र पर अधिकार क्षेत्र रखने वाले जिला **मजिस्ट्रेट को धारा 41 की उप धारा (1)** के तहत जैवविविधता प्रबंधन समिति का गठन करने वाला प्रत्येक स्थानीय निकाय वार्षिक रिपोर्ट और लेखा की लेखा-परीक्षा प्रति के साथ-साथ लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट को क्रमशः धारा 45 और 46 में संदर्भित करेगा और ऐसी समिति से संबंधित को प्रस्तुत करेगा।

अध्याय–दो

झारखण्ड जैविकीय विविधता नियमावली, 2007 के सरल भाषा में जैवविविधता प्रबंधन समिति (BMC) सम्बन्धी मुख्य अंश

वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
झारखण्ड सरकार

झारखण्ड जैविकीय विविधता नियमावली, 2007 के सरल भाषा में जैवविविधता प्रबंधन समिति (BMC) सम्बन्धी मुख्य अंश

1. संक्षिप्त शीर्षक

''झारखण्ड जैविकीय विविधता नियमावली, 2007'' वर्ष 2007 के माह अप्रैल की पहली तिथि से झारखण्ड राज्य की सीमाओं में प्रवृत्त होगी।

2. परिभाषाएँ -

(i) **''अधिनियम''** से अभिप्रेत होगा ''जैविकीय विविधता अधिनियम, 2002 (2003 का क्रमांक 18)'';

(ii) **''प्राधिकार''** से अभिप्रेत होगा अधिनियम की धारा-8 की उप-धारा (1) के अधीन स्थापित ''राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकार''।

(iii) **''पर्षद''** से अभिप्रेत होगा अधिनियम की धारा-22 की उप-धारा (1) के अधीन स्थापित ''झारखण्ड जैवविविधता पर्षद''।

(iv) **''जैवविविधता प्रबंधन समिति''** (संक्षिप्त में जै.वि.प्र.स/बीएमसी/BMC) से अभिप्रेत है, अधिनियम की धारा-41 की उपधारा (1) के अधीन किसी स्थानीय निकाय द्वारा स्थापित ''जैवविविधता प्रबंधन समिति''।

(v) **''अध्यक्ष''** से अभिप्रेत होगा झारखण्ड जैवविविधता पर्षद का अध्यक्ष;

(vi) **''शुल्क''** से अभिप्रेत होगा अनुसूची में निहित कोई शुल्क;

(vii) **''प्रपत्र''** से अभिप्रेत होगा इस नियमावली से संलग्न प्रपत्र;

(viii) **''सदस्य''** से अभिप्रेत होगा झारखण्ड जैवविविधता पर्षद का कोई सदस्य, जिसमें अध्यक्ष एवं सचिव सम्मिलित होंगे;

(ix) **''धारा''** से अभिप्रेत होगा अधिनियम की कोई धारा;

(x) **''सदस्य सचिव''** से अभिप्रेत होगा पर्षद का पूर्णकालिक सचिव;

3. अध्यक्ष के चयन एवं उसकी नियुक्ति की पद्धति

(i) पर्षद का अध्यक्ष राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किया जाएगा।

(ii) उप-नियम (1) के अधीन अध्यक्ष की प्रत्येक नियुक्ति या प्रतिनियुक्ति दोनों ही मामलों में आवेदक को प्रधान मुख्य वन संरक्षक के नीचे के स्तर का नहीं होना चाहिए। जैवविविधता के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ अथवा वैज्ञानिक को भी बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया जा सकेगा।

(iii) अध्यक्ष की योग्यता, राज्य सरकार द्वारा निर्धारित माप-दंड एवं जैवविविधता अधिनियम, 2002 की धारा 22 (4) (ए) में उल्लिखित योग्यता के अनुरूप होगी।

4. पर्षद के सदस्य सचिव का चयन एवं उसकी नियुक्ति की पद्धति

(i) राज्य सरकार सेवारत मुख्य वन संरक्षकों में से किसी एक को प्रतिनियुक्ति के आधार पर पर्षद का पूर्णकालिक सदस्य-सचिव नियुक्त कर सकेगी।

(ii) सदस्य-सचिव पर्षद की बैठकों के समन्वय एवं संयोजन, पर्षद की कार्यवाहियों के अभिलेखों के संधारण तथा वैसे अन्य विषयों के लिए, जो पर्षद द्वारा प्रत्यायोजित किए जाएं, उत्तरदायी होंगे।

नोटः पर्षद् की निरंतरता और कार्यान्वयन को बनाये रखने के लिए बैठक व नियुक्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी पर्षद् की वेबसाइट www.jbb.jharkhand.org पर उपलब्ध है।

5. पर्षद के सामान्य कार्य - पर्षद निम्नांकित कृत्यों का संपादन कर सकेगीः

(i) अधिनियम की धारा-7 एवं 24 में निर्दिष्ट गतिविधियों के संचालन-नियंत्रण हेतु प्रक्रिया एवं दिशा-निर्देशों का निर्धारण।

(ii) जैवविविधता के संरक्षण, उसके तत्वों के सतत (चिरस्थायी/दीर्घकालिक) उपयोग एवं जैविकीय संसाधन तथा तत्संबंधी ज्ञान के उपयोग से प्राप्त लाभों के भागीदार जनसमुदायों (जैवविविधता प्रबंधन समितियों) के बीच उचित एवं न्यायसंगत साझेदारी से संबंधित किसी विषय पर राज्य सरकार को परामर्श देना;

(iii) जैवविविधता प्रबंधन समितियों की गतिविधियों का समन्वय करना;

(iv) जैवविविधता प्रबंधन समितियों को तकनीकी सहायता एवं मार्गदर्शन प्रदान करना;

(v) जैविकीय संसाधन से संबंधित शोध एवं अनुसंधानों को प्रायोजित करना एवं अध्ययनों को स्थापित करना;

(vi) अपने कृत्यों के प्रभावी संपादन में पर्षद को तकनीकी सहायता प्रदान करने हेतु परामर्शियों को नियोजित करना;

(vii) जैवविविधता प्रबंधन समितियों से परामर्श करके जैविकीय संसाधनों के वाणिज्यिक उपयोग का अनुमोदन प्रदान करना एवं उनका विनियमन करना;

(viii) जैवविविधता महत्व के विरासत-स्थलों की पहचान एवं उनका उन्नयन;

(ix) जैवविविधता के संरक्षण, उसके तत्वों के सतत पोष्य उपयोग तथा जैविकीय संसाधन एवं ज्ञान के उपयोग से प्राप्त लाभों के उचित एवं न्यायसंगत सहभागिता से संबंधित तकनीकी एवं सांख्यिक आँकड़ों, हस्तकों, संहिताओं एवं मार्ग-निर्देशों का संग्रहण, संकलन एवं प्रकाशन;

(x) जैवविविधता के संरक्षण, उसके तत्वों के सतत पोष्य उपयोग तथा जैविकीय संसाधन एवं ज्ञान के उपयोग से प्राप्त लाभों के उचित एवं न्यायसंगत सहभागिता से संबंधित एक सर्वांगीण कार्यक्रम का जन-संचार के माध्यम से आयोजन/संगठन;

(xi) जैवविविधता के संरक्षण एवं उसके तत्वों के सतत पोष्य उपयोग के कार्यक्रमों में नियोजित अथवा नियोजन हेतु संभावित व्यक्तियों के प्रशिक्षण की योजना का निर्माण एवं उसका आयोजन;

(xii) राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित आय-व्ययक (बजट) के प्रावधानों के अनुरूप पर्षद का वार्षिक आय-व्ययक (बजट) तैयार करना;

(xiii) पर्षद द्वारा अपने कृत्यों के प्रभावी संपादन हेतु राज्य सरकार से पदो के सृजन की अनुशंसा करना एवं पदों का सृजन करना; प्रतिबंध यह है कि स्थायी/अस्थायी अथवा किसी प्रकृति का कोई पद राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन के बिना सृजित नहीं हो सकेगा;

(xiv) पर्षद के कर्मियों एवं पदाधिकारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया का अनुमोदन करना;

(xv) प्रभावी प्रबंधन, उन्नयन एवं सतत पोष्य उपयोग सुनिश्चित करने के प्रयोजन से जैव-विविधता पंजियों एवं इलेक्ट्रॉनिक आधारित आंकड़ों के माध्यम से जैविकीय संसाधन एवं संबंद्ध पारंपरिक ज्ञान हेतु सूचना एवं अभिलेखीकरण पद्धति का सृजन एवं आधारभूत आंकड़ों के निर्माण हेतु आवश्यक उपक्रम करना;

(xvi) अधिनियम के प्रभावी परिपालन हेतु जैवविविधता प्रबंधन समितियों को लिखित निर्देश निर्गत करना;

(xvii) पर्षद के कार्य-कलापों एवं अधिनियम के कार्यान्वयन के संबंध में राज्य सरकार को प्रतिवेदित करना;

(xviii) पर्षद का वार्षिक प्रतिवेदन तैयार करना तथा इसे राज्य सरकार को समर्पित करना;

(xix) जैवविविधता प्रबंधन समितियों के प्रादेशिक क्षेत्राधिकार में पड़नेवाले क्षेत्रों में वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ किसी भी व्यक्ति को जैविकीय संसाधन तक पहुँच बनाने (अभिगमन) एवं इसे एकत्रित (संग्रहण) करने हेतु अधिनियम की धारा 41(3) के अधीन लिए जाने वाले संग्रहण-शुल्क की अनुशंसा एवं उसमें संशोधन;

(xx) जैवविविधता प्रबंधन समितियों को विशिष्ट प्रयोजनार्थ ऋण अथवा अनुदान स्वीकृत करना;

(xxi) अधिनियम के परिपालन के संदर्भ में किसी क्षेत्र का भौतिक निरीक्षण करना;

(xxii) वैसे अन्य कृत्यों का संपादन जो राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर सौंपें या निर्देशित किए जाएँ।

(xxiii) बोर्ड के अधीन निर्माण योजनाओं की तकनीकी स्वीकृति लोक निर्माण विभाग के सक्षम तकनीकी पदाधिकारी द्वारा दी जाएगी।

6. जैविकीय संसाधनों की उपलब्धि से संबंधित गतिविधियों पर प्रतिबंधः

पर्षद, यदि आवश्यक एवं युक्तियुक्त समझे तो जैविकीय संसाधनों तक पहुँच प्राप्त करने (Access) के अनुरोध को निम्नलिखित कारणों से प्रतिबंधित अथवा निषिद्ध कर सकेगीः-

(i) यदि पहुँच प्राप्त करने (Access) का अनुरोध किसी संकटापन्न प्रजाति वर्ग के लिए हो।

(ii) यदि पहुँच प्राप्त करने का अनुरोध किसी स्थानीय एवं दुर्लभ प्रजाति के लिए हो।

(iii) यदि याचित पहुँच प्राप्त करने का प्रतिकूल प्रभाव स्थानीय जनजीविका पर पड़ने की संभावना हो।

(iv) यदि याचित पहुँच प्राप्त करने के परिणाम-स्वरूप कोई प्रतिकूल पर्यावरणीय आघात आशंकित हो जिसका नियंत्रण एवं शमन दुष्कर हो।

(v) यदि याचित पहुँच प्राप्ति जैविकीय संसाधनों के आनुवांशिक क्षरण का कारण हो सकती हो अथवा इसके पारिस्थिक तन्त्र को कुप्रभावित कर सकती हो।

7. जैवविविधता प्रबंधन समितियों का गठनः-

(i) प्रत्येक स्थानीय निकाय अपने क्षेत्राधिकार में एक जैवविविधता प्रबंधन समिति (BMC) गठित करेगी।

(ii) उप नियम 41(1) के अधीन गठित की जानेवाली जैवविविधता प्रबंधन समिति मे एक अध्यक्ष एव स्थानीय निकाय द्वारा मनोनीत अधिक से अधिक छ सद्स्य होंगे जिनमें कम से कम एक तिहाई संख्या महिलाओं की तथा कम से कम 36 प्रतिशत संख्या अनुसूचित जाति/जनजाति के सदस्यों की होगी।

(iii) जैवविविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष का निर्वाचन समिति के सदस्यों के द्वारा स्थानीय निकाय के अध्यक्ष की अध्यक्षता में आहूत बैठक के दौरान किया जाएगा। पक्ष विपक्ष में समान मत की स्थिति में स्थानीय निकाय के अध्यक्ष को निर्णायक मतदान का अधिकार होगा।

(iv) जैवविविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष का कर्यकाल तीन वर्षों का होगा।

(v) विधान सभा एवं लोकसभा के स्थानीय सदस्य समिति कि बैठकों में विशेष रूप से आमंत्रित होंगें।

(vi) जैवविविधता प्रबंधन समिति का मुख्य कार्य होगा स्थानीय लोगों से परामर्श करके जन जैवविविधता पंजी (People's Biodiversity Register: PBR) तैयार करना। पंजी (PBR) में स्थानीय जैविकीय संसाधनों की उपलब्धता तथा उससे जुड़ा हुआ औषधीय या कोई अन्य उपयोग या कोई अन्य पारंपरिक ज्ञान के संबंध में व्यापक जानकारी उल्लेखित की जाएंगी।

(vii) BMC के अन्य कार्यों में पर्षद अथवा राष्ट्रीय प्राधिकार द्वारा स्वीकृति प्रदान करने के सम्बन्ध में तथा जैविकीय संसाधनों का उपयोग करनेवाले स्थानीय वैद्यों एवं चिकित्सकों के संबंध में विवरण एकत्र करने के सम्बन्ध में निर्दिष्ट किए गए विषय पर पर्षद अथवा राष्ट्रीय प्राधिकार को परामर्श देना होगा।

(viii) पर्षद जन जैवविविधता पंजी के स्वरूप, उसमें धारित होने वाले विवरण तथा जन जैवविविधता पंजी के इलेक्ट्रॉनिक प्रपत्र का निर्धारण करेगी।

(ix) पर्षद जैवविविधता प्रबंधन समितियों को तकनीकी सहायता एवं दिशा-निर्देश प्रदान करेगी।

(x) जैवविविधता प्रबंधन समितियों द्वारा जन जैवविविधता पंजी, संधारित एवं प्रमाणीकृत होगी।

(xi) BMC एक ऐसी पंजी भी तैयार करेगी जिसमें जैविकीय संसाधनों एवं पारंपरिक ज्ञान तक पहुँच प्राप्ति हेतु दी गयी स्वीकृति, लगाये गए संग्रहण शुल्क, प्राप्त लाभों एवं उनके हिस्सेदारी बांटने की पद्धति से संबंधित विवरण उल्लेखित होंगे।

अध्याय-तीन

भारत सरकार का जैविक संसाधनों तक पहुँच प्राप्ति (Access) से फायदा/लाभ की हिस्सेदारी सम्बन्धी विनियम, 2014

जैवविविधता प्रबंधन समिति (BMC) सम्बन्धी मुख्य अंश

(अधिनियम के माध्यम से जैवविविधता आनुवंशिक संसाधनों के उपयोग से उत्पन्न लाभों के उचित एवं न्यायसंगत हिस्सेदारी हेतु स्थानीय आबादी तक ''पहुँच और लाभ साझाकरण'' **(Access and Benefit Sharing-ABS)** कहा जाता है।



भारत का राजपत्र
The Gazette of India
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 612] नई दिल्ली, शुक्रवार, नवम्बर 21, 2014/कार्तिक 30, 1936
No. 612] NEW DELHI, FRIDAY, NOVEMBER 21, 2014/KARTIKA 30, 1936

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
(राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण)
अधिसूचना
नई दिल्ली, 21 नवम्बर, 2014

सा.का.नि. 827(अ).—राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, जैव विविधता अधिनियम, 2002 (2003 का 18) की धारा 18 की उपधारा (1) और धारा 21 की उपधारा (4) के साथ पठित धारा 64 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और आनुवांशिक संसाधनों पर पहुंच और उनके उपयोग से उद्भूत फायदों का ऋजु और साम्यपूर्ण विभाजन करने पर नागोया प्रोटोकॉल और जैव विविधता कन्वेंशन तारीख 29 अक्तूबर, 2010 के अनुसरण में निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :—

संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम जैविक संसाधनों तक पहुंच और सहयुक्त जानकारी तथा फायदा बंटाना विनियम, 2014 है ।

(2) ये राजपत्र में उनके अंतिम प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

1. जैविक संसाधनों और /या सहयुक्त पारंपरिक जानकारी तक अनुसंधान या जैव सर्वेक्षण तक पहुंच की प्रक्रिया और अनुसंधान के लिए जैव उपयोग :—

(1) अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (2) के अधीन निर्दिष्ट कोई व्यक्ति जो जैविक संसाधनों और/या सहयुक्त पारंपरिक जानकारी तक अनुसंधान या जैव सर्वेक्षण तक पहुंच की प्रक्रिया और अनुसंधान के लिए जैव उपयोग का आशय रखता है, राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण (एनबीए) को जैव विविधता नियम, 2004 के प्ररूप-1 में भारत में उपगत होने वाले ऐसे से जैविक संसाधनों और/या सहयुक्त जानकारी तक पहुंच अभिप्राप्त करने के लिए आवेदन करेगा ।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार
(राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण)

भारत सरकार का जैविक संसाधनों तक पहुँच प्राप्ति (Access) से फायदा/लाभ की हिस्सेदारी सम्बन्धी विनियम, 2014

(अधिसूचना नई दिल्ली, 21 नवम्बर, 2014 सा. का. नि. 827 अ)

